भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

Demand Notcie

Regional office 1:-71 M.G. Road, First Floor, Nehru Nagar, Agra.

Notice Under Section-13(2) of The Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002.

Whereas at the request of you (below mentioned borrowers or/and guarantors) Branch Coming Under Canara Bank Regional office 1 - 71 M.G. Road, First Floor, Nehru Nagar, Agra had granted Cash Credit Facility against scheduled property, creating security interest in favour of the bank. The particulars of property mortgaged, by you by way deposit of title deeds creating security interest in favour of the bank are mentioned hereunder, As you have failed to discharge the debut due to the bank, the below mentioned loan account has been classified as Non-Performing Asset as per the guidelines issued by the Reserve Bank of India. As the Demand Notice sent to you by Registered Post calling upon you to discharge the debt due to Bank were returned, unserved, we are publishing contents of demand notice as under for your information.

Name of Borrowers/ Guarantors & Address	Description of Properties	Date of Demand Notice	Amount of Notice
Branch (E-Syndicate Bank) Dayal Bagh-II, A11, New Agra, Agra			
(Borrower) Mr. Raj Kumar Tiwari S/o. Mr. Jagat Narayan Tiwari. **Add.** 17/61, Maithan Agra- 282003. **(Guarantor)** Mr. Deepak Bhatiya S/o. Mr. Shyam Lal Bhatiya. **Add.** F-976, Kamla Nagar, Agra-282005.	F No. Plot/ No. 44/A, Part of Khasra No. 104, Basera Bagh, Near Basera Estate Mauza-Jaganpur Mustakil, Tehsil & Distt-Agra. **Area:- 45.98 Sq mtr.,** In the Name of Mr. Raj Kumar Tiwari S/o. Jagat Narayan Tiwari., **Bounded as :** East- Land of Other, West- Rasta 16 feet wide & Nikas, North Plot No. 45, South- Plot No. 44	28.05.2021	**Rs. 9,87,031.15** + intt. & other expenses form 29.05.2021
Branch Saket-II, Agra			
M/s.Gaurav Distributors. Add- 11/39/B/5, Sita Nagar Ram Bagh, Agra.**(Partners)** 1. Mr. Atul Agarwal S/o. Mr. Haresh Chand Agarwal. **Add.** 4/320, Kayast Gali, Kacheri Ghat, Belanganj. Agra-282004, 2. Mrs. Seema Agarwal W/o. Mr. Mukesh Kumar. **Add.** 38A Brij Vihar, Kamla Nagar Dayal Bagh, Agra-28 2005. **(Mortgagor)** Mrs. Urmila Devi W/o. Mr. Haresh Chand **Add.** 4/320, Kayast Gali, Kacheri Ghat, Belanganj. Agra- 282004.	1. Hypothecation of all Kinds of Stocks and Present and Future Book Debts. in the name of M/s. Gaurav Distributors. 2. Shop No. F-21, (First Floor) Part of the Property Nagar Nigam No. 6/53 & 6/53/1-7, Situated at Belanganj, Agra. **Area:- 23.69 Sq mtr.,** In the Name of Mrs. Urmila Devi Agarwal W/o. Mr. Haresh Chand. **Bounded as :** East- Room No. F-20, West- Room No. F-22, North- 20 Feet wide Passage, South- Other Land	18.05.2021	**Rs. 14,81,430.55** + intt. & other expenses form 18.05.2021
Branch Trans Yamuna, Agra			
M/s. Alamoda Overseas Private Ltd. Add. 11, Suraj Vihar, Suraj Bhan Ki Bagichi Behind Rainbow Hospital, Sikandra, Agra- 282007 **(Borrower/Guarantor)** 1. Mrs. Rashmi Sethi W/o.Late Mr. Vinod Kumar Sethi 2. Mrs. Mansi Sethi W/o. Mr. Gandharv Sethi.**(Guarantor)** 3. Mr. Gandharv Sethi S/o. Late Mr. Vinod Kumar Sethi. Each Add. H.No. 405, Friends Paradise Apartment Khandari, Agra- 282002	1. Hypothecation of Stock and Plant and Machinery. in the Name M

'वीनस रेमेडीज' की वार्षिक बिक्री 61 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

दवा कंपनी वीनस रेमेडीज लिमिटेड (वीआरएल) ने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में उसकी वार्षिक बिक्री 61 फीसद बढ़कर 548.12 करोड़ रुपए हो गई। वीआरएल की सालाना बिक्री वित्त वर्ष 2019-20 में 339.33 करोड़ रुपए थी।

कंपनी ने एक बयान में बुधवार को कहा कि 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान उसने 61.77 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इस दौरान उसका एबिटडा 59 फीसद बढ़कर 73.40 करोड़ रुपए हो गया। वीआरएल ने बताया कि उसने वित्त वर्ष 2020-21 में बैंकों और वित्तीय संस्थानों का पूरा कर्ज चुका दिया है, और वह कर्जमुक्त कंपनी बन चुकी है।

वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद सूचकांक, निफ्टी रेकॉर्ड ऊंचाई पर

मुंबई, 3 जून (भाषा)।

दो दिन के हल्के कारोबार के बाद शेयर बाजारों में गुरुवार को जोरदार तेजी रही जिसमें सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रेकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले बैंक, वित्तीय तथा बुनियादी ढांचा कंपनियों के शेयरों में लिवाली की गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला और पूरे कारोबार के दौरान तेजी बनी रही। अंत में यह 382.95 अंक यानी 0.70 फीसद बढ़त के साथ रेकार्ड 52,232.43 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, सूचकांक इस साल 15 फरवरी को 52,154.13 के रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 114.15 अंक यानी 0.73 फीसद मजबूत होकर अब तक के उच्चतम स्तर 15,690.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक लाभ में टाइटन रही। इसमें 6.69 फीसद की तेजी आई। इसके अलावा ओएनजीसी, एल एंड टी, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और डा. रेड्डीज आदि शेयरों में 2.15 फीसद तक की गिरावट रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उत्साह बना हुआ है और मानक सूचकांक रेकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

उन्होंने कहा कि बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। रियल्टी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और धातु कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। आइटी, दवा और वाहन कंपनियों के शेयरों पर कुछ दबाव रहा। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है। आय में सुधार की संभावना से निवेशक इस खंड में आकर्षित हो रहे हैं।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि आरबीआइ की शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले बाजार पर तेजड़िये हावी हैं। निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर नजर रखते हुए नरम रुख बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण की गति में तेजी आने की उम्मीद और पूंजी व्यय कार्यक्रम के साथ ऋण वृद्धि में सुधार की उम्मीद है। सभी बीएसई खंडवार सूचकांक लाभ में रहे। उपभोक्ता टिकाऊ, रियल्टी, पूंजीगत सामान, तेल एवं गैस, बैंक और वित्त क्षेत्र में 4.44 फीसद तक की तेजी आई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 1.04-1.04 फीसद मजबूत हुए।

एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और हांगकांग नुकसान में रहे जबकि तोक्यो तथा सोल में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। उधर, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 फीसद टूटकर 71.22 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 72.91 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में बुधवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 921.10 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

भारत ने अब 2023 तक पेट्रोल में 20 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

सरकार ने अगले दो साल में पेट्रोल में 20 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा है जिससे देश को महंगे तेल आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले सरकार ने 2025 तक इसे हासिल करने का लक्ष्य रखा था जिसे अब और नजदीक करते हुए 2023 कर दिया गया है। पिछले साल सरकार ने 2022 तक के लिए पेट्रोल में 10 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण (10 फीसद इथेनॉल को 90 फीसद पेट्रोल के साथ मिलाना), उसके बाद एथनॉल मिश्रण की मात्रा को 2030 तक बढ़ाकर 20 फीसद करने का लक्ष्य रखा था। इस साल की शुरुआत में इसे 2030 के बजाय 2025 कर दिया गया था और अब इसमें और सुधार करते हुए इसे अप्रैल 2023 कर दिया गया।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक राजपत्रित अधिसूचना में कहा, "केंद्र सरकार यह निर्देश देती है कि तेल कंपनियां सभी राज्यों एवं केंद्रशासित क्षेत्रों में भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुरूप 20 फीसद एथनॉल के सम्मिश्रण वाला पेट्रोल बेचेंगी। यह अधिसूचना एक अप्रैल, 2023 से प्रभाव में आएगी।" भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी मांग के 85 फीसद हिस्से के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर है।

पिछले साल अक्तूबर में शुरू हुए मौजूदा एथनॉल आपूर्ति वर्ष में भारत की योजना 10 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण वाला पेट्रोल बेचने की है। इस अनुपात को हासिल करने के लिए करीब चार अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। वर्ष 2023 तक 20 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने के लिए 10 अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। जरूरी सात अरब लीटर एथनॉल के उत्पादन के लिए चीनी उद्योग को 60 लाख टन अधिशेष चीनी का इस्तेमाल करना होगा जबकि शेष एथनॉल का उत्पादन अतिरिक्त अनाज से किया जाएगा।

पिछले साल अक्तूबर में शुरू हुए मौजूदा एथनॉल आपूर्ति वर्ष में भारत की योजना 10 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण वाला पेट्रोल बेचने की है। इस अनुपात को हासिल करने के लिए करीब चार अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। वर्ष 2023 तक 20 फीसद एथनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने के लिए 10 अरब लीटर एथनॉल की जरूरत होगी।

आठ उड़ान प्रशिक्षण अकादमियां स्थापित होंगी : विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि देश को वैश्विक पायलट प्रशिक्षण का बड़ा केंद्र बनाने के उद्देश्य से पांच हवाईअड्डों पर आठ नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमियां स्थापित की जाएंगी। मंत्रालय ने बताया कि इसके लिए कर्नाटक के बेलगावी और कलबुर्गी, महाराष्ट्र के जलगांव, मध्य प्रदेश के खजुराहो और असम के लीलबाड़ी हवाईअड्डे का चुनाव किया गया है। खराब मौसम और नागरिक या सैन्य हवाई यातायात की वजह से कम से कम बाधाएं आने की स्थिति को ध्यान में इन हवाईअड्डों का चुनाव किया गया हैं। इन आठ अकादमियों को स्थापित करने का उद्देश्य भारत को एक बड़ा वैश्विक उड़ान प्रशिक्षण केंद्र बनाना और भारतीय छात्रों के विदेशी अकादमियों में जाने पर एक तरह से रोक लगाना है। साथ ही इन अकादमियों को भारत के पड़ोसी देशों के छात्रों की उड़ान प्रशिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भी तैयार किया जाएगा।

विमानन मंत्रालय के अधीन काम करने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) ने पिछले साल नवंबर में इन आठ अकादमियों की स्थापना के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। मंत्रालय ने कहा, ''अकादमियों के निर्माण के लिए 31 मई 2021 को पत्र जारी किया गया जिसमे एशिया-पैसिफिक, जेटसर्व, रेडबर्ड, समवर्धने और स्काईनेक्स जैसे बोली में विजेता कंपनियों को यह काम दिया गया।'' मंत्रालय ने बताया कि एएआइ ने विमानन सुरक्षा पहलुओं, नियामक तंत्र, मानवयुक्त विमानों पर पायलटों के प्रशिक्षण का अनुभव और उपकरण तथा प्रशिक्षकों की उपलब्धता जैसे मापदंडो के आधार पर इन बोलीदाताओं का चयन किया गया।

विमानन मंत्रालय ने कहा, ''उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के निर्माण की बोली को बोलीदाताओं के लिए आकर्षक बनाने के लिए एएआइ ने मासिक किराया घटा कर 15 लाख कर दिया। साथ ही इन बोलीदाताओं के लिए व्यवसाय अनुकूल बनाने के लिए एयरपोर्ट रॉयल्टी की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया।''

रिलायंस ने कोविड-19 में संभावित दवा के लिए प्रस्ताव सौंपा

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट की अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) इकाई ने कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए निक्लोसामाइड के इस्तेमाल का प्रस्ताव दिया है। यह दवा आंत में रहने वाले कीड़े के संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल की जाती है।

निक्लोसामाइड विश्व स्वास्थ्य संगठन की आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल है। इसका फीताकृमि (टेपवॉर्म) के संक्रमण के इलाज में 50 वर्षों से ज्यादा समय से इस्तेमाल किया जाता रहा है। इस ओरल एंटीवायरल दवा का इस्तेमाल 2003-04 में सार्स बीमारी के प्रकोप के दौरान मरीजों के इलाज में भी किया गया था।

कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, "कंपनी ने कोविड-19 के इलाज के लिए संभावित दवा के तौर पर निक्लोसामाइड के इस्तेमाल का प्रस्ताव सौंपा है।" औषधि नियामक लोगों में इस दवा के इस्तेमाल के लिए प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगा।

ऑटो कलपुर्जे, इस्पात, कपड़ा के लिए पीएलआइ योजना को अधिसूचित करेगी सरकार

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

सरकार ऑटो कलपुर्जे, इस्पात और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए घोषित उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को अधिसूचित करने पर विचार कर रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) में अतिरिक्त सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि सरकार ने विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन आधारित मॉडल को बढ़ावा देने, उन्नत प्रौद्योगिकियों को आकर्षित करने, बड़े स्तर पर उत्पादन और गुणवत्ता मानकों को हासिल करने के लिए पीएलआइ योजना शुरू की थी।

उन्होंने वेब गोष्ठी 'भारत की विनिर्माण और व्यापार प्रतिस्पर्धा पर पीएलआइ योजना का प्रभाव' में कहा, ''हम सख्त समयसीमा के साथ आगे बढ़ रहे हैं और अब हम ऑटो कलपुर्जे, इस्पात और कपड़े के लिए योजना को अधिसूचित करेंगे।''

उन्होंने आगे कहा कि महामारी के इस दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को केंद्रित करने की सीमाओं को महसूस किया है।

पहाड़ी इलाके में घायल महिला को लेकर चार किलोमीटर पैदल चला बचाव दल

पुणे (महाराष्ट्र), 3 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट के खंडाला और कर्जत संभाग के बीच रेलवे पटरी पर जख्मी हालत में मिली एक महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मियों का एक दल उसे अस्थाई स्ट्रेचर पर लाद कर चार किलोमीटर पैदल चला।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि महिला का अब पुणे के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जाती है। रेलवे पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार की है, जब आशा वाघमारे (42) जामरंग संभाग में रेलवे पटरियों के पास जख्मी हालत में मिली थी।

पहाड़ी इलाके से महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए चार पुलिसकर्मियों के दल ने बांस और साड़ी की मदद से जुगाड़ करके स्ट्रेचर बनाया। बाद में वे महिला को एंबुलेंस से कर्जत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। लोनावला रेलवे पुलिस के उपनिरीक्षक विष्णु गोसावी ने बताया, 'सोमवार को लोणावला रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने सूचित किया कि जामरंग संभाग में रेलवे पटरियों पर एक महिला जख्मी हालत में पड़ी हुई है।' उन्होंने बताया कि चूंकि वह जगह लोणावला से करीब 20-22 किलोमीटर दूर है, इसलिए नजदीकी रेलवे स्टेशन कर्जत को सूचना दी गई। वहां से पुलिसर्किमयों और कुलियों का एक दल तुरंत स्टेशन पर पहुंच गया। गोसावी ने बताया कि महिला की पीठ में चोट आई है और वह पटरियों के पास पड़ी हुई थी। पहाड़ी इलाका होने और दूसरी ओर खाई होने के कारण महिला को किसी वाहन से अस्पताल पहुंचाना संभव नहीं था।

2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 90 करोड़ पहुंचने की संभावना

नई दिल्ली, 3 जून (भाषा)।

इंटरनेट एडं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आइएएमएआइ)- कांतार क्यूब की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 2025 तक लगभग 45 फीसद बढ़कर 90 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक शहरी केंद्रों की तुलना में ग्रामीण भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या अधिक हो सकती है। पिछले साल तक यह संख्या 62.20 करोड़ तक थी।

रिपोर्ट में कहा गया, ''2025 तक, शहरी भारत की तुलना में ग्रामीण भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या अधिक होगी। इसे देखते हुए इस उभरती हुई जनसांख्यिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की जरूरत है।''

राइट्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएन : L74899DL1974GOI007227

ई-निविदा आमंत्रण नोटिस

महाप्रबंधक/EXPOTECH, राईट्स लिमिटेड द्वारा नीचे दी गयी जानकारी के अनुसार एक पैकेट सिस्टम के तहत ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

वस्तु और मात्रा : "एयर ब्रेक टेस्टिंग उपकरणों की आपूर्ति", **निविदा सन्दर्भ** : RITES/EXPO/05/MOZ/AB Testing Equipments/R1, **धरोहर जमा राशि (ईएमडी)** : लागू नहीं (बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन जमा करनी होगी), **समापन अवधि** : 90 दिन, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : 15.06.2021 को 11:00 बजे तक।

निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट http://ritesltd.com/ और सीपीपी पोर्टल https://etenders.gov.in/eprocure/app से प्राप्त किए जा सकते हैं। परिशिष्ट/शुद्धि, यदि कोई हो, केवल ऑनलाइन ही होस्ट की जाएगी।

केन्द्रीय विद्यालय

वायु सेना स्थल, अर्जनगढ़, दिल्ली – 110047

(मानव संसाधन विकासमंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ)

निविदा सूचना

केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस अर्जनगढ़, नई दिल्ली सीलबंद निविदाओं को दो बोली प्रणाली (तकनीकी और वणिज्यक बोली) में आमंत्रित करता है। गृह व्यवस्था (House Service), सुरक्षा सेवाएं (Security Serviecs) एवं बागवानी सेवाएं (Gardening Services) प्रदान करने की आपूर्ति के लिए निविदा दस्तावेज इस कार्यलय से सरकारी कार्य दिवस में सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे के दौरान नगद रूपए 500/- के भुगतान पर जो गैर वापसी योग्य है, प्राप्त किये जा सकते है। निविदा लेने वाली फर्म/संबंधित पक्ष का पंजीकरण संख्या, जी.एस.टी नंबर ई.पी.एफ, ई.एस.आई, Pasara, आदि और आउटसोर्सिंग के क्षेत्र में नवीनतम आयकर निकासी प्रमाणपत्र और अनुभव होना चाहिए। केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस अर्जनगढ़, नई दिल्ली को सीलबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10-07-2021 शाम 04 बजे तक है।

प्राचार्या

केन्द्रीय भण्डारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)

4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्ति मार्ग, हौजखास, नई दिल्ली-16, फोन: 011-49857894, वेबसाइट: www.cewacor.nic.in

जन-जन के लिए भण्डारण

सं.केभनि/नि.का.-इंजी./प्रेस नोट/2021-22 दिनांक: 02.06.2021

ई-टैंडर आमंत्रण प्रेस सूचना

केन्द्रीय भंडारण निगम निम्नलिखित कार्य के लिए ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (में लाख रू.)	निविदा ऑनलाइन भेजने एवं खोलने की अंतिम तिथि
1	सेंट्रल वेअरहाउस, नाभा बीडी (पंजाब) में आंतरिक सड़क के साथ 10000 मी.टन क्षमता के गोदाम का निर्माण एवं इलैक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन।	621.53	02.07.2021

अनुबंध की शर्तें और ई-टेंडर आमंत्रण सूचना सहित विस्तृत निविदा सूचना निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टेंडर वेबसाइट www.cwceprocure.com अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure. gov.in/epublish/app. से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। इस निविदा संबंधी यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्र में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। ह०/- मुख्य अभियंता (प्रभारी)

प्रपत्र ए

सार्वजनिक घोषणा

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

सुविधा पार्कलिफ्ट लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	सुविधा पार्कलिफ्ट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	12 अगस्त 1996
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U24111DL1996PLC081132
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	202, दूसरी मंजिल, राज टावर -1 जी-1, अलकनंदा कम्युनिटी सेंटर, नई दिल्ली-110019, भारत
6.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि	31 मई 2021 (आदेश की प्रति 3 जून 2021 का प्राप्त हुई)
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	26 नवबंर 2021
8.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	श्री निशांत गौरव गुप्ता पंजी. सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00572/2017-2018/11739
9.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है	"सिद्धांत एडवोकेट्स", फ्लैट नंबर 542, पहली मंजिल, डीडीए एसएफएस फ्लैट्स, सैक्टर 22, पॉकेट 1, द्वारका, नई दिल्ली-110 077. पंजी. ईमेल : nishantgaurav@outlook.in
10.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल	"सिद्धांत एडवोकेट्स", फ्लैट नंबर 542, पहली मंजिल, डीडीए एसएफएस फ्लैट्स, सैक्टर 22, पॉकेट 1, द्वारका, नई दिल्ली-110 077. प्रक्रिया विशिष्ट मेल आईडी : spl.ibc@outlook.in
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	16 जून 2021 (आदेश की प्रति 3 जून 2021 का प्राप्त हुई)
12.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 4 उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई	लागू नही
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नही
14.	(क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है:	(क) वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads (ख) लागू नही

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने **दिनांक 31 मई 2021** को **सुविधा पार्कलिफ्ट लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।

सुविधा पार्कलिफ्ट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **16 जून 2021** को अथवा इसके पूर्व में अंतरिम समाधान प्रोफेशनल को ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि को प्रपत्र सीए में (श्रेणी का उल्लेख) निदर्शित करेगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी। हस्ता/-

दिनांक : 03.06.2021 अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम व हस्ताक्षर : **निशांत गौरव गुप्ता**

स्थान : नई दिल्ली **पंजीकरण सं.**: IBBI/IPA-002/IP-N00572/2017-2018/11739

प्रपत्र ए

सार्वजनिक घोषणा

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

मैसर्स ऐसैंट बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	मैसर्स ऐसैंट बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	17 मार्च 2008
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, (दिल्ली) कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के अंतर्गत
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U74120DL2008PTC175481
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत पता: जी-39, पॉकेट ए-I, मयूर विहार, फेज-III, दिल्ली-110096
6.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि	02 जून 2021 (आदेश प्राप्त होने की तिथि) माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली द्वारा 31मई 2020 को पारित आदेश
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	29 नवबंर 2021
8.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	अमरपाल पंजी. सं.: IBBI/IPA-01/IP-P01584/2018-19/12411
9.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है	सी-2, प्लॉट नं. 50, ज्ञान खंड -2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201014 ईमेल : amarpal@icai.org
10.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल	डी-27, तीसरी मंजिल, दयानंद ब्लॉक, गली नंबर 2, रिलायंस फ्रेश के पास, शकरपुर, दिल्ली -110092 ईमेल : cirp.ascentbuildtech@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	16 जून 2021
12.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 4 उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई	अचल संपत्ति परियोजना के तहत आबंटी
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	1. श्री सतेंदर कुमार IP पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P01580/2018-2019/12429 2. श्री अजय कुमार सिवाच IP पंजी. सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00668/2018-2019/12214 3. श्री दीपक गुप्ता IP पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P01340/2018-2019/12235
14.	(क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है:	(क) वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads (ख) इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया, (आईबीबीआई) 7वीं मंजिल, मयूर भवन, शंकर मार्केट, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली -110001

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, दिल्ली पीठ ने **दिनांक 31 मई 2021** को **मैसर्स ऐसैंट बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है। (आदेश 02 जून 2021 को प्राप्त हुआ था)

मैसर्स ऐसैंट बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **16 जून 2021** को अथवा इसके पूर्व में अंतरिम समाधान प्रोफेशनल को ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

दावे के समर्थन में दस्तावेजी सबूत के साथ दावे निम्नलिखित निर्दिष्ट प्रपत्रों में प्रस्तुत किया जाना है :-

फॉर्म बी : कर्मकार और कर्मचारियों को छोड़कर परिचालक लेनदारों के दावों के लिए

फॉर्म सी : वित्तीय लेनदारों द्वारा दावों के लिए

फॉर्म सीए : एक श्रेणी में वित्तीय लेनदारों द्वारा दावों के लिए

फॉर्म डी : श्रमिको और कर्मचारियों द्वारा दावों के लिए

फार्म ई : श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दावों के लिए

फॉर्म एफ : (वित्तीय लेनदारों और परिचालन लेनदारों के अलावा) लेनदारों द्वारा दावों के लिए

किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि को प्रपत्र सीए में (अचल संपत्ति परियोजना के तहत आबंटी) निदर्शित करेगा।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी। हस्ता/-

दिनांक : 03.06.2021 अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का नाम व हस्ताक्षर : **अमरपाल**

स्थान : नई दिल्ली **पंजीकरण सं.**: IBBI/IPA-01/IP-P01584/2018-2019/12411

केन्द्रीय भण्डारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)

WAREHOUSING FOR EVERY ONE

क्षेत्रीय कार्यालय: विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

फोन नं(0522) 2720566, 2720827, 2720761, फैक्स2720686

Website: www.cewacor.nic.in E Mail: rmkp@cewacor.nic.in

पत्रांक: के.भ.नि./क्षे.का.-लख./अभियांत्रिकी/निविदा/21-22/ **ई-निविदा** दिनांक 03.06.2021

केन्द्रीय भण्डारण निगम निम्नलिखित कार्य के लिए ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित करता है:

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. में)	ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1.	केन्द्रीय भण्डारगृह, नैनी पर मिनी गोदाम के पीछे प्लेटफार्म का निमार्ण कार्य	23,03,352.44	18.06.2021

ई-निविदा आमंत्रण सूचना तथा ठेके की शर्तो सहित विस्तृत निविदा सूचना को सी.डब्ल्यू.सी. की वेबसाइट www.cewacor.nic.in अथवा www.cwceprocure.com अथवा सी.पी.पी. पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। इस निविदा से संबंधित कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट वेबसाइट www.cewacor.nic.in पर ही उपलब्ध होगी। इस निविदा हेतु समाचारपत्र में कोई प्रेस विज्ञापन नहीं जारी किया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता

अमृत कोर्प. लिमिटेड

सीआईएन:L15141UP1940PLC000946

पंजीकृत कार्यालय: सीएम/28, पहली मंजिल, गगन एन्क्लेव, अमृत नगर, जीटी रोड, गाजियाबाद -201009 (यूपी)

कोर्प. कार्यालय: अमृत कॉर्पोरेट केंद्र, ए-95, सेक्टर-65, नोएडा-201309 (यूपी)

दूरभाष: 0120-4506900 | फैक्स: 0120-4506910 | ई-मेल: info@amritcorp.com

वेबसाइट: www.amritcorp.com

सूचना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 ''सूचीयन विनियमन'' के विनियमन 29, 33, 47 तथा लागू होने वाले किसी अन्य विनियमन के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल तथा ऑडिट कमिटी की बैठक सोमवार, 14 जून, 2021 को विडियों कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही वर्ष के लिये कम्पनी के अंकेक्षित तिमाही वार्षि